दिन– सोमवार दिनांक– 16 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पच्चीस लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस–दस हजार रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। पटना में आयोजित समारोह में श्री कुमार ने कुल दो हजार पांच सौ करोड़ रूपये की राशि लाभुकों के बैंक खातों में भेजी। योजना के तहत अबतक एक करोड़ इक्यासी लाख से अधिक महिलाओं के खाते में दस–दस हजार रुपये की राशि भेजी जा चुकी है। कार्यक्रम के बाद महिला रोजगार के लिए सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए परिवहन और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा जिन लाभार्थी महिलाओं ने रोजगार शुरू किया है उनका समीक्षा कर अतिरिक्त दो–दो लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जायेगी।

———————————————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र जारी है। आज सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा और शोर–शराबा किया। इधर, लोजपा रामविलास के सदस्यों ने स्वर्गीय रामविलास पासवान को लेकर प्रतिपक्ष के नेता द्वारा अशोभनीय टिप्पणी का मुद्दा उठाया जिसे लेकर सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच नोंक–झोंक हुई। सदन में हंगामा जारी रहने के कारण विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पूर्व आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के सदस्यों ने विधानसभा के गेट पर जाति गणना के आधार पर पचासी प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन–2026 आज से नई दिल्ली में शुरू हो गया है। पांच दिन का यह सम्मेलन किसी विकासशील देश में आयोजित होने वाला पहला

वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है। यह सम्मेलन वैश्विक एआई कार्ययोजना में भारत की भूमिका को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है। यह भारत को वैश्विक एआई सहयोग में संयोजक और भागीदार के रूप में भी स्थापित करेगा, जो सार्वजनिक हित के लिए साझा मानकों, सहयोगी ढांचे और समाधानों का समर्थन करता है। इस दौरान एक ए. आई प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भारत के कई एआई स्टार्टअप भाग ले रहे है। सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, गिरिराज सिंह, प्रदेश की सूचना और प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह भी शामिल हो रही है।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक वार्षिक परीक्षा कल से शुरू हो रही है। बोर्ड के अनुसार एक हजार छह सौ से अधिक केंद्रों पर पंद्रह लाख से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के लिये प्रत्येक जिले में चार मॉडल केंद्र बनाये गये हैं। इन केंद्रों पर महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति के साथ ही छात्राएं ही परीक्षा में शामिल होंगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। बोर्ड ने कहा  है कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले तक ही प्रवेश दिया जायेगा। गेट बंद होने के बाद प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इधर, सीबीएससी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा भी कल से शुरू हो रही है।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। नामांकन का कार्य अठारह फरवरी तक चलेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय में कुल अठारह काउंटर बनाए गये हैं। उन्नीस फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और इक्कीस फरवरी को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी होगी। छात्र संघ चुनाव अट्ठाईस फरवरी को होगा।

---

केन्द्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीशचन्द्र दूबे ने कहा है कि केन्द्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पत्र है। पश्चिम चंपारण के बगहा में भाजपा द्वारा

आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री दूबे ने बजट में जनहित के लिए उठाए गए कदमों की भी जानकारी दी।

——————————————————————————

शेखपुरा के पोक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में दोषी सारिका गांव निवासी ब्रजेश कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही तीस हजार रूपये का अर्थदंड लगाया है।

——————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के नौतन थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी के पास से अट्ठाईस एटीएम कार्ड, आठ मोबाईल, विभिन्न बैंकों के पासबुक समेत कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किया है।

——————————————————————————

समाप्त